**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 25.08.2026 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक संपन्न, वीबी रामजी नियमावली सहित कुल 53 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर।**
2. **झारखंड उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले की सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर राज्य सरकार से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को।**
3. **देश में यूपीआई सेवा के सफल 10 वर्ष पूरे होने पर झारखंड समेत देशभर में उत्साह, चैंबर ऑफ कॉमर्स और आम जनता ने प्रधानमंत्री का जताया आभार।**
4. **एमएमडीआर बिल पर राज्य में सियासी घमासान, कांग्रेस 27 अगस्त से करेगी राज्यव्यापी आंदोलन, भाजपा का पलटवार, भ्रम फैला रहा है विपक्ष।**
5. **राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 27 अगस्त को राज्यभर के कॉलेजों में युवा कनेक्ट और खेलो इंडिया संवाद का होगा आयोजन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे वर्चुअल संवाद।**

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में 53 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि जमशेदपुर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज को करीब तीन दशमलव नौ चार अरब और धनबाद मेडिकल कॉलेज को चार दशमलव नौ पांच अरब रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है, जिससे एमबीबीएस और पीजी सीटें बढ़ेंगी। ग्रामीण रोजगार के लिए वीबी रामजी योजना को हरी झंडी दी गई है। साथ ही, वज्रपात और लू को राज्य की स्थानीय आपदा सूची से हटाकर केंद्र की प्राकृतिक आपदा सूची में शामिल किया गया है।

********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के कथित शराब घोटाले की सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दायर इस याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मेंटेबिलिटी पर जवाब तलब किया। याचिका में आरोप है कि एक साल से अधिक बीतने पर भी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है। अगली सुनवाई एक अक्टूबर को होगी।

********************

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में बदलाव लाते हुए 10 वर्ष पूरे कर लिये हैं। इसे लेकर हजारीबाग में उत्साह है। जिले में कुल लेन–देन में छोटी खरीदारी की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत और बड़े ट्रांसफर की वैल्यू 71 प्रतिशत पहुंच गई है। चैंबर ऑफ कॉमर्स और स्थानीय लोगों ने व्यापार को सुगम व पारदर्शी बनाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

********************

साहिबगंज में भी यूपीआई डिजिटल ट्रांजेक्शन सेवा की आम लोगों और व्यापारियों ने सराहना की है। अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रदीप कुमार झा ने बताया कि डिजिटल लेन–देन अब सुदूर गांवों तक पहुंच चुका है, जिससे ग्रामीण वित्तीय रूप से साक्षर हो रहे हैं। इससे बैंकों में भीड़ कम हुई है, नकद ले जाने का जोखिम घटा है और खुदरा पैसों की किल्लत दूर होने से व्यापार बेहद सुरक्षित व आसान हो गया है।

********************

यूपीआई सेवा के 10 वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बधाई दी है। अन्नपूर्णा देवी ने इसे वैश्विक मंच पर भारत को स्थापित करने वाली डिजिटल क्रांति की मिसाल बताया। वहीं, संजय सेठ ने कहा कि बिना किसी मदद के आम लोगों द्वारा डिजिटल पेमेंट करना तकनीक की असली ताकत और देश की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

********************

राज्य में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के लिए राज्यव्यापी होम टू रोल वेरिफिकेशन अभियान शुरू हो गया है। आगामी 4 सितंबर तक बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। इस विशेष अभियान का उद्देश्य नए पात्र नाम जोड़ना और फैमिली टुगेदर स्टिकर लगाकर एक ही परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही मतदान केंद्र पर सुनिश्चित करना है।

********************

जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा धांधली मामले में छात्रों पर दर्ज मुकदमों को लेकर सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और भाजपा नेताओं ने रांची सदर सीओ से मुलाकात कर प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों को फंसाना बंद कर उपद्रवियों पर तुरंत प्राथमिकी दर्ज की जाए, अन्यथा भाजपा आंदोलन करेगी।

********************

एमएमडीआर संशोधित बिल पर राज्य में सियासी हलचल तेज हो गयी है। कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय ने रांची में प्रेस वार्ता आयोजित कर केंद्र पर आर्थिक हमले और आदिवासी अधिकारों के हनन का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि इसके विरोध में कांग्रेस 27 अगस्त को जिला स्तरीय धरना और 7 सितंबर को राजभवन का घेराव करेगी।

दूसरी तरफ, भाजपा ने इस पर पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वे अपनी विफलताओं को छिपाने और मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए केवल भ्रम फैला रहे हैं।

********************

खूंटी में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने गुम हुए 53 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए हैं। एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान के जरिए इन फोनों को खोजा गया।

********************

पलामू के मेदिनीनगर स्थित डिज्नीलैंड मेले में बाल श्रम के खिलाफ बड़ी संयुक्त छापेमारी की गई। श्रम विभाग और बाल कल्याण समिति ने सात बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया। अधिकारियों ने नियोक्ताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए बच्चों के पुनर्वास और शिक्षा के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है।

********************

इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त के बजाय 27 अगस्त को विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर खेलो इंडिया संवाद और युवा कनेक्ट के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 लाख से अधिक युवाओं को वर्चुअल संबोधित करेंगे। मेरा युवा भारत की राज्य निदेशक ललिता कुमारी ने बताया कि जिलों के दो कॉलेजों में युवा जनप्रतिनिधियों से संवाद कर विकसित भारत और 2036 ओलंपिक पर क्यूआर कोड से सुझाव देंगे।

********************

पश्चिम बंगाल के कल्याणी में आयोजित नेशनल फेडरेशन कप–2026 में जमशेदपुर के पावरलिफ्टर मृत्युंजय पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीते हैं। उन्होंने बेंच प्रेस स्पर्धा में स्वर्ण और डेडलिफ्ट में कांस्य पदक अपने नाम किया। एक वर्ष के कड़े अभ्यास और शाकाहारी आहार के दम पर उन्होंने यह राष्ट्रीय सफलता हासिल की है।

********************